INSIDE झारखण्ड न्यूज
खबरों पर हमारी नज़र

# सरकारी दुकानों में बेची जा रही नकली शराब



पूर्वी सिंहभूम : जिला परिषद सूरज मंडल द्वारा जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल, अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को मांगपत्र सौंपते हुए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नशे के कारोबार चलने की शिकायत की है. कहा कि गो तस्करी, अवैध लोहा टाल आदि को बंद करने की मांग की है.

मांगपत्र में कहा है कि पोटका क्षेत्र में इन दिनों गो तस्करी तेजी से हो रही है. साथ ही युवा वर्ग ब्राउन शुगर, गांजा आदि की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं. सरकारी शराब की दुकानों में नकली शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है. उन्होंने कहा कि जल्द बड़ा आदमी बनने के चक्कर में युवा जुआ खेल रहे हैं. इससे युवा वर्ग काफी प्रभावित हो रहे हैं.

Source: https://insidejharkhand.in/fake-liquor-being-sold-in-government-shops/#google_vignette